मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री के 'वेस्ट टू वेल्थ की परिकल्पना के अनुसार बायो गैस एक बेहतरीन विकल्प है

यूपी में जल्द स्थापित होंगे 100 बायो गैस प्लांट

फैसला

लखनऊ, विशेष संवाददाता। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने घोषणा की है कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही 100 नए बायोगैस प्लांट स्थापित होंगे। उन्होंने कहा है आज जनपद बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए प्लांट का उद्घाटन होने जा रहा है और राज्य के 8 अन्य जनपदों जौनपुर, अमेठी, सीतापुर, फतेहपुर, बहराइच, बरेली, कन्नौज और बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए संयंत्र का शिलान्यास भी किया जाएगा। अब तक 37 प्लांट की स्थापना के लिए भूमि चयन आदि की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बड़ा सहयोग मिल रहा है।

यूपी ने हर सेक्टर में किया शानदार काम: लखनऊ में पांच कालीदास मार्ग पर शनिवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले सात साल में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीमारू स्टेट की श्रेणी से आगे बढ़कर हर सेक्टर में शानदार काम किया है। बदायूं में लोकार्पित होने जा रहे प्लांट की विशेषताओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि करीब 135 करोड़ रुपये के निवेश से 50 एकड़ में विकसित इस प्लांट में हर दिन लगभग 14 टन कम्प्रेस्ड बायो गैस का उत्पादन होगा। यह बायो गैस पराली के निदान के लिए भी अत्यंत उपयोगी है।

लखनऊ में शनिवार को सीएम योगी और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने बायोगैस के क्षेत्र में योजनाओं की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने वेस्ट से वेल्थ की दी परिकल्पना

इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वेस्ट टू वेल्थ की परिकल्पना के अनुसार बायो गैस बेहतरीन विकल्प है। यह एनसीआर में स्मॉग की समस्या का समाधान तो है ही किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम भी है। भारत सरकार के पेट्रोलियम सचिव पंकज जैन ने कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना के लिए भारत सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन की जानकारी दी। यूपी सरकार की बायो फ्यूल पॉलिसी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यूपी की जैव ईंधन नीति के तहत बायो एनर्जी प्लांट की स्थापना के लिए 20 करोड़ रुपये तक का अनुदान दिए जाने की व्यवस्था है। यूपी में इस सेक्टर में बेहतर करने के लिए अनुकूल अवसर है।

बढ़ेगी किसानों की आय, प्रकृति का भी होगा संरक्षण : योगी

बदायूं, हिन्दुस्तान टीम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में आठ नए कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट बनेंगे। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार मिलेंगे। साथ ही, पराली की समस्या का भी स्थायी समाधान हो सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की मौजूदगी में बदायूं के सैजनी में शनिवार को एचपीसीएल के कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट के उद्घाटन के दौरान यह बातें कहीं। इसके साथ ही प्रदेश के आठ जिलों में बनने वाले बायोगैस प्लांटों का शिलान्यास भी किया गया।

बदायूं के सैजनी में शनिवार को सीएम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्लांट से युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों व पशुपालकों की आमदनी बढ़ने के साथ ही प्रकृति का भी संरक्षण होगा। पर्यावरण संरक्षण प्रधानमंत्री का विजन है और यूपी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। अब प्रदेश में दंगे नहीं बल्कि रामोत्सव और दीपोत्सव जैसे उत्सव होते हैं। अब नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का उद्घाटन पीएम के सपने को धरातल पर उतारने की शुरुआत है। प्लांट से लाखों किसानों की आजीविका में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही स्माग की समस्या का भी समाधान होगा।

आठ जिलों में बनने वाले प्लांट की नींव रखी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरीदीप सिंह पुरी ने प्रदेश के अन्य आठ जिलों बरेली, रामपुर, सीतापुर, बराइच, फहतेपुर, अमेठी, जौनपुर, कन्नौज में भी सीबीजी प्लांट का शिलान्यास किया। इन सभी जिलों को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जोड़ा गया।